दिन– शुक्रवार दिनांक– 12 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से जल जीवन मिशन के लिए अठारह हजार करोड़ रूपये समेत कई परियोजनाओं की मांग की।

02. सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली मामले में पुलिस ने पांच सौ तिरसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। दस की हुई गिरफ्तारी।

03. केंद्र सरकार ने साइबर अपराधियों द्वारा सुरक्षा प्रणालियों और वित्तीय बुनियादी ढांचे पर बढ़ते खतरे को लेकर चेतावनी जारी की।

04. और, किशनगंज समेत प्रदेश के छह जिलों में मॉनसून की दस्तक। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की जतायी संभावना।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए अठारह हजार करोड़ रूपये की मांग की है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक में श्री चौधरी ने यह आग्रह किया। उन्होंने हर घर नल का जल योजना के मद में खर्च की गयी राशि के केन्द्रांश के रूप में तेरह हजार करोड़ रूपये और वर्तमान में चल रही योजनाओं के लिए पांच हजार करोड़ रूपये की मांग की है। इसके साथ ही प्रदेश के लिए निफ्टेम सहित शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों की स्थापना, दस प्लग–एंड प्ले औद्योगिक पार्क आवंटित करने और राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान का क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित करने के लिए भी आग्रह किया गया है। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से वर्ष दो हजार अट्ठाईस में नेशनल यूथ गेम्स, वर्ष दो हजार तीस में हॉकी विश्व कप और दो हजार इकतीस में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए केन्द्र सरकार से विशेष सहयोग की भी अपेक्षा की है। बैठक में पहली बार अट्ठाईस राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और प्रशासक शामिल हुए। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने बताया है कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्रियों की दूरदर्शी टिप्पणियों और उनके राज्यों में किए गए कार्यों से नीति आयोग को लाभ हुआ।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए दो हजार तीन सौ पैंसठ करोड़ रूपये जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने

पटना में कहा कि इस निधि से अपूर्ण आवासों के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आयेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर गरीब का अपना घर हो।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि हर पंचायत में कम्प्यूटर ऑपरेटर सह क्लर्क की बहाली की जायेगी। उन्होंने पटना में कहा कि विभाग ने ऑनलाईन राजस्व सेवाओं को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया है। श्री जायसवाल ने कहा कि विभाग द्वारा आठ हजार चौवन राजस्व कर्मचारियों की बहाली का प्रस्ताव राज्य कर्मचारी चयन आयोग को भेजा गया है।

———————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली और अवैध लाभ पहुंचाने के खिलाफ पुलिस ने पटना के सचिवालय थाने में पांच सौ तिरसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मामले में मुंगेर और अरवल से दस आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सचिवालय थाना की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी–एक अनु कुमारी ने बताया कि धांधली और साइबर गैंग की संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अट्ठासी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————

केंद्र सरकार ने साइबर अपराधियों द्वारा सुरक्षा प्रणालियों और वित्तीय बुनियादी ढांचे पर बढ़ते खतरे को लेकर चेतावनी जारी की है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार, साइबर अपराधी वित्तीय और व्यक्तिगत धोखाधड़ी के लिए एआई द्वारा डीपफेक वीडियो का तेजी से दुरुपयोग कर रहे हैं। आमतौर पर साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जॉब पोर्टल, डेटिंग प्लेटफॉर्म या फोन कॉल के माध्यम से संपर्क करते हैं। सरकार ने फिनटेक कंपनियों सहित वित्तीय संस्थानों को डीपफेक का पता लगाने के तंत्र को मजबूत करने और ग्राहक ऑनबोर्डिंग प्रणालीयों को बेहतर बनाने की सलाह दी है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने बायोमेट्रिक डेटा को सुरक्षित रखें, संदिग्ध लॉगिन प्रयासों के प्रति सतर्क रहें और वित्तीय गतिविधियों से संबंधित ईमेल या एसएमएस सूचनाओं की नियमित रूप से निगरानी करें। यह भी आग्रह किया है कि वे किसी भी संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की सूचना राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से तुरंत दें। समाचार कक्ष से जया भारती।

———————————————————

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों मे कुलाधिपति संवाद का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने सभी विश्वविद्यालयों को कुलाधिपति संवाद आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान कुलाधिपति के समक्ष विद्यार्थी और शिक्षक अपने विचार रखेंगे। संवाद में आये विचारों पर लोकभवन नीतिगत निर्णय लेगा। वहीं, राज्यपाल ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर

की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कहा कि स्नातक स्तर पर अंग्रेजी के साथ–साथ कम से कम एक विदेशी भाषा के अध्ययन–अध्यापन की भी व्यवस्था सभी विश्वविद्यालयों में की जाए।

———————————————————

देश में खरीफ की बुवाई का मौसम शुरू होते ही किसानों को तिलहन की खेती से संबंधित जानकारी देने के लिए किसान मित्र नाम से एक व्हाट्सएप आधारित एआई सलाहकार सेवा शुरू की गई है, जो किसानों के मोबाइल फोन पर सीधे जानकारी पहुंचाती है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार किसान– चार शून्य दो चार, पांच नौ आठ, एक आठ शून्य नंबर को व्हाट्सएप पर सेव कर सकते हैं। इस नम्बर पर मूंगफली, सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन और अन्य तिलहन फसलों के बारे में किसी भी भारतीय भाषा में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आईसीएआर के हैदराबाद स्थित भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने बताया कि यह पहल सामूहिक तिलहन अनुसंधान का पहला ऐसा प्रयास है, जो देश के प्रत्येक किसान तक पहुंचाया गया है।

———————————————————

प्रदेश में मानसून के समय से पहले दस्तक के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी और उसम से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और मधुबनी जिले में पहुंच चुका है। इस बार मानसून अपने तय समय से छह दिन पहले बिहार पहुंचा है। विभाग ने कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान मॉनसून के प्रदेश के शेष भागों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। इधर, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना जतायी है।

———साउंड बाइट———

वहीं, पिछले चौबीस घंटों के दौरान मानसून के प्रभाव से किशनगंज जिले में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। सरायगढ–भपटियाही में एक सौ छह मिलीमीटर और सुपौल के बलतारा में सत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————

बेगूसराय जिले के बखड्डा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस के पास सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन थाना प्रभारियों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में

देर रात चार पहिया वाहन के अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराने से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र अमर और नीरज कुमार तथा ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि, एक थाना प्रभारी सागर पासवान की बेगूसराय सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो मौत हो गयी।

---

आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। दुनियाभर में बाल श्रम की प्रथा को खत्म करने और लोगों को उसके प्रति जागरूक करने के मकसद से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– बाल मजदूरी को रेड कार्डः बच्चों के लिए निष्पक्ष खेल, वयस्कों के लिए सम्मानजनक काम। बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के नागरिकों से बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण बचपन को और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने भी लोगों से बच्चों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहने की अपील की है। वहीं, श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार बाल श्रम मुक्त बिहार अभियान के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

---

दसवां आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप आज शुरू हो रहा है। एक महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच बर्मिंघम में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला पांच जुलाई को लॉड्र्स क्रिकेट मैदान पर होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम इतिहास रचने का प्रयास करेगी और अपना पहला टी–ट्वेंटी विश्व कप खिताब जीतने का लक्ष्य रखेगी। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार बारह टीमें हिस्सा ले रही हैं। विश्व कप के दौरान सात स्थानों पर तैंतीस मैच खेले जाएंगे, जिससे यह आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बन गया है।

---

केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कटिहार जिले के सभी प्रखंडों में सत्रह और अठारह जून को "प्रखण्ड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर" का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में आम नागरिकों को विभिन्न

सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

---

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस में देश में बागवानी उत्पादन लगभग तीन हज़ार सात सौ अठहत्तर लाख टन रहने का अनुमान है। दो हजार चौबीस–पच्चीस की तुलना में यह सत्तर दशमलव तीन नौ लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि फल, सब्जियां, फूल और सुगंधित एवं औषधीय फसलों का उत्पादन बढ़ने की संभावना है। दूसरे अग्रिम अनुमानों में केले, आम, पपीता, सेब और अमरूद के उत्पादन में वृद्धि से फल उत्पादन एक हज़ार दो सौ चौदह लाख टन से अधिक रहने की संभावना है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मौसम की खबर पर लिखा है– राज्य में समय से पूर्व मॉनसून की दस्तक। सात जिलों में हुई झमाझम बारिश।

दैनिक जागरण ने ईओयू की कार्रवाई को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– लेखापाल का वेतन पचास हजार, आठ भूखंड समेत बनाई दो करोड़ से अधिक की सम्पत्ति।

दैनिक भास्कर ने नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मांग का शीर्षक लगाया है– सम्राट ने केन्द्र से मांगे बीस हजार दो सौ पचास करोड़ और कई बड़े प्रोजेक्ट।

प्रभात खबर लिखता है– प्रदेश के विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाट्यक्रम में सात दशमलव पांच सीजीपीए वालों को ही मिलेगा, चौथे वर्ष में प्रवेश।

राष्ट्रीय सागर की प्रमुख खबर है– निशांत और पवन सिंह सहित दस उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित।

आज अखबार की सुर्खी है– सरकारी शिक्षकों के ट्यूशन–कोचिंग पर प्रतिबंध।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से जल जीवन मिशन के लिए अठारह हजार करोड़ रूपये समेत कई परियोजनाओं की मांग की।

02. सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली मामले में पुलिस ने पांच सौ तिरसठ अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। दस की हुई गिरफ्तारी।

03. केंद्र सरकार ने साइबर अपराधियों द्वारा सुरक्षा प्रणालियों और वित्तीय बुनियादी ढांचे पर बढ़ते खतरे को लेकर चेतावनी जारी की।

04. और, किशनगंज समेत प्रदेश के छह जिलों में मॉनसून की दस्तक। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की जतायी संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।